Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-11-2022 | अंक 404

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### चतरा में हुई सड़क दुर्घटना में रसोइया धमना निवासी सूरज की मौत, एक घायल रेफर



बरही थाना अंतर्गत रसोइया धमना निवासी सूरज साव उम्र 24 वर्ष पिता दिनेश साव रसोइया धमना निवासी की मौत बीते रात हुई धमनिया (चतरा) के नजदीक सड़क दुर्घटना में हो गई। वहीं उसका दूसरा साथी केदार कुमार उम्र 24 वर्ष पिता सीताराम साव छोटकी बरही निवासी गंभीर रूप से घायल गया। जिसे गंभीर स्थिति में रांची रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो युवक अपना कुछ निजी का से चतरा गए हुए थे। वहीं से लौटने के क्रम में गुरुवार रात लगभग 7 बजे बाइक और अ०ल्टो कार में सीधी टक्कर हो गई। जिसमे सूरज साव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम कर शुक्रवार को शव मृतक का गांव पहुंचा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### आग से जलकर युवा हुआ गंभीर, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के पडरिया निवासी मो शकूर अंसारी का 14 वर्षीय पुत्र मो नौशाद आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठंड के कारण युवक आलाव जला रहा था। इसी क्रम में वह गिर पड़ा जिससे उसका शरीर जगह जगह जल गया। इस बात की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी अरविंद यादव ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### मारपीट में महिला घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गरजामो निवासी कुरैसा खातून उम्र 30 वर्ष पति हसमत अंसारी मारपीट में घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। पीड़िता महिला ने मारपीट करने का आरोप अपने ससुर, सास और गोतनी पर लगाई है।

# खेलो झारखंड के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल के प्रति बालक बालिकाओं में दिखा गजब का उत्साह

## शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी : नरेश सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड शिक्षा परियोजना के दिशा निर्देश पर राज्य स्तरीय खेलों झारखंड के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही मे शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते लेकिन खेल से यह संभव है ।आगे उन्होंने कहा खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है। प्रतियोगिता में विद्यालय के बालक बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बालकों का एक 100 मीटर दौड़ में प्रथम कुश कुमार राणा, द्वितीय सुधांशु कुमार सिंह, तृतीय विपिन कुमार, एक सौ मीटर बालिका वर्ग में प्रथम निशा टोप्पो, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय पिंकी कुमारी, बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ प्रथम विपिन कुमार, द्वितीय कुंदन कुमार यादव ,तृतीय सुरज कुमार, बालिका



खेलो झारखंड में भाग लेते स्कूल के बच्चे एवं बच्चियां

वर्ग 200 मीटर में प्रथम रवीना कुमारी, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय खुशबू कुमारी ,बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रथम अतुल कुमार यादव, द्वितीय रोशन सिंह, तृतीय मिथिलेश कुमार, बालिका वर्ग 400 मीटर में प्रथम रवीना कुमारी, द्वितीय पिंकी कुमारी ,तृतीय माधवी कुमारी, बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में प्रथम सूरज कुमार, द्वितीय सौदागर कुमार तृतीय मिथिलेश कुमार बालिका वर्ग 800 मीटर प्रथम माधवी कुमारी ,द्वितीय मंदिरा कुमारी ,तृतीय सलेहा खातून ,बालक वर्ग 15 सौ मीटर में प्रथम सुधांशु कुमार सिंह ,द्वितीय दीपेश कुमार, तृतीय सूरज कुमार, बालिका वर्ग 400 ग100 रिले रेस में प्रथम निशा टोप्पो ,दिपासा इक्का, रजनी कच्छप, अनामिका करकेटा द्वितीय खुशबू कुमारी माधवी अंशु मंदिरा तृतीय सलेहा खातून रिया कुमारी आशा कुमारी माया कुमारी गोला फेक बालक वर्ग प्रथम सूरज राणा द्वितीय विपिन कुमार तृतीय ऋषि कुमार गोला फेंक बालिका वर्ग प्रथम सुशीला करकेटा दितीय रिया कुमारी तृतीय सलेहा खातून चक्का फेंक बालक वर्ग प्रथम उस कुमार राणा द्वितीय दीपेश कुमार तृतीय विकास कुमार चक्का फेंक बालिका वर्ग प्रथम निशा टोप्पो द्वितीय अनु अंशु इक्का तृतीय सुशीला करकेटा भाला फेंक बालक वर्ग प्रथम राहुल कुमार द्वितीय कुश कुमार राणा तृतीय नितिन कुमार लंबी कूद बालक वर्ग प्रथम विवेक कुमार द्वितीय सौदागर ठाकुर तृतीय शुभम कुमार लंबी कूद बालिका वर्ग प्रथम रिया कुमारी द्वितीय सलेहा खातून तृतीय मनीषा कुमारी ऊंची कूद बालक वर्ग प्रथम सौदागर ठाकुर दितीय उमेश कुमार सिंह तृतीय नितेश कुमार ऊंची कूद बालिका वर्ग प्रथम सलेहा खातून द्वितीय रिया कुमारी तृतीय अनीशा कुमारी चम्मच और गोली दौड़ बालिका वर्ग प्रथम दीपांशु इक्का द्वितीय सानिया प्रवीण तृतीय निशा टोप्पो बालक वर्ग प्रथम कुंदन कुमार द्वितीय सुधांशु कुमार तृतीय रौनक कुमार म्यूजिकल चेयर बालिका वर्ग प्रथम उषा कुमारी द्वितीय लक्ष्मी कुमारी तृतीय शबाना आजमी म्यूजिकल चेयर बालक वर्ग प्रथम विवेक कुमार सिंह दितीय रौनक कुमार केसरी तृतीय तौफीक अंसारी खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन खेल प्रशिक्षक अश्विनी श्रीवास्तव ने किया वही सहायक की भूमिका में शिक्षक दिलीप कुमार संजय तिर्की शामिल रहे।

# अंचल कार्यालय में हुआ अंचल दिवस का आयोजन

## अधिकारियो को अंचलाधिकारी ने दिया कई दिशा निर्देश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभा कक्ष में अंचल दिवस का आयोजन प्रखंड पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी हुलास महतो की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा भाग लिया गया। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा सभी पदाधिकारी गणों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी विभागों को निर्देश दिया गया।सभी विभागों का बारी बारी समीक्षा किया गया।इसी क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा बताया गया कि कल दिनांक 19.11.2022 को जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन सभी पंचायतों में किया जाना है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया तथा उनके द्वारा बताया गया कि हर घर जल योजना के तहत लोगों को लाभान्वित किया जाए।इसके बाद बिजली विभाग के कर्मियों को निर्देश दिया गया कि प्रखंड अंतर्गत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ आवेदन प्राप्त होते ही सभी



सरकारी भवनों में बिजली का कनेक्शन यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं।पी एम ए वाई जी की समीक्षा के दौरान सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया कि 3 दिसंबर तक सभी पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम को पूर्ण करें, तथा अपूर्ण आवासों को जल्द में पूर्ण करें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि क्लस्टर बनाकर ब्लैक चौन में रजिस्टर्ड किसानों को एक ही सरसों का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है तथा आत्मा के तहत 50 हेक्टर जमीन पर चना का बीज वितरण किया जा रहा है। तेजस्विनी परियोजना की समीक्षा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रखंड में संचालित तेजस्वी परियोजना के तहत योजनाओं की सूची और जानकारी प्रखंड कार्यालय को समय दिया जाए इस क्रम में तेजस्विनी के प्रखंड समन्वयक के द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण का ट्रेनिंग 16 से 19 नवंबर तक किया जाना है जिसमें 14 से 24 वर्ष की बालिकाओं की सहभागिता होगी।पशुपालन विभाग के प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि 22 23 में कुल 130 पशुधन योजनाओं का आवेदन प्राप्त है जिस पर निर्देश अनुसार कार्य किया जा रहा है। महिला पर्यवेक्षक का कन्हाचट्टी के द्वारा सावित्रीबाई फूले योजना से संबंधित जानकारी को दिया गया एवं उसके आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का स्वास्थ्य में खुला और बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित करें जेएसएलपीएस की समीक्षा के दौरान बीपीएल के द्वारा बताया गया कि जेएसएलपीएस के तहत सीसी लिंकेज रवि फसल प्लानिंग के तहत सखी मंडल को राशि मुहैया कराई जा रही है 15 वित्त आयोग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि प्राप्त राशि के अनुसार टाइगर वांटेड ग्राउंड की राशियों के अनुरूप योजनाओं का चयन कर कार्य प्रारंभ किया जाए बैंक के शाखा प्रबंधकों को समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बैंक खाता ओं का समय खोलने का कष्ट करें और प्रखंड प्रशासन का है इसमें सहयोग करें वन विभाग से आए हुए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदनों में से जो सरकारी योजनाओं के लिए वन विभाग की एनओसी की आवश्यकता होती है उसको समस्या में कराने का कष्ट करें।मौके पर बी डी ओ के अलावा थाना प्रभारी विकास पासवान,प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी नवीन तिर्की,बी पो ओ नीरज पासवान, मुनेश तिर्की के अलावा सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 18-11-2022

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के पास नही है स्कूल की वर्दी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के बेलादोहर में संचालित राजकीय प्रा. थमिक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के पास स्कूल का वर्दी नही है। जिसके कारण विद्यालय के सभी बच्चे घरेलू वर्दी में ही विद्यालय पहुंच जाते है। जब विद्यार्थियों से स्कूल की वर्दी न पहनकर आने का कारण पूछा गया तब कुछ बच्चों ने जवाब दिया की हमारा स्कूल का वर्दी छोटा हो गया है। और हम सभी को नया वर्दी नही मिला है जिसके कारण हम वर्दी में नही आते है।

**स्कूल वर्दी का महत्व :** स्कूल वर्दी का महत्व बहुत ही खास होता है। ये सभी बच्चों में लिंग, आय, व्यवसाय और सामाजिक वर्ग, राजनैतिक और जातीय संबंधता को अलग कर उनके बीच में समानता लाने का काम करता है। एक विद्यालय में सभी बच्चे समान है यही स्कूल पोशाक की खासियत है। वहीं विद्यालय की शिक्षिका शीला कुमारी ने बताया की पिछले लगभग एक साल से बच्चों को स्कूल का वर्दी नही मिल पाया है। बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल की वर्दी में स्कूल आने के लिए बोला जाता है परंतु बच्चे स्कूल की वर्दी में नही आते है।

# जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## गोविन्दपुर पंचायत के सभी घरों में नल से मिलेगा स्वच्छ पानी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के गोविन्दपुर में शुक्रवार को प्रशिक्षण में शामिल ग्रामीण

जन सेवा परिषद द्वारा जल जीवन मिशन के तहत शुक्रवार को गोविन्दपुर पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन उपप्रमुख सरयू साव ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पंचायत के सभी घरों तक पेयजल उपलब्ध कराई जा रही है। अब सबों का दायित्व बनता है कि इस योजना का रख रखाव बेहतर तरीके से किया जाए। ट्रेनर जन सेवा परिषद के परियोजना प्रबंधक लक्ष्मण कुमार गुप्ता ने जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। कहा कि पारंपरिक कुआं अथवा चापानल के पानी की गुणवत्ता में काफी गिरावट हुई है। जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे जलजनित रोगों में कमी आएगी। रख रखाव को लेकर बताया कि सभी गांवों में वीडब्लूएससी का गठन किया गया है। जिसमे जल सहिया कनेक्शन शुल्क के तौर पर 310 रुपए तथा प्रतिमाह जल कर के रूप में 62 रूपये संग्रह करेंगी। कहा कि गंदे जल के निपटान के लिए घरों में पनसोखा का निर्माण करें या किचेन गार्डन में साग सब्जी की सिंचाई में करें। खुले में गंदे पानी बहाने से बीमारियां बढ़ सकती है। प्रशिक्षण में जल सहिया को राशि का हिसाब किताब रखने, समिति का नियमित बैठक करने के अलावा प्लास्टिक थैला का बहिष्कार, नियमित शौचालय का उपयोग करके स्वच्छ गांव तो स्वस्थ ग्रामीण के स्लोगन को साकार करने की बात कही गई। प्रशिक्षण में जल सहिया ममता देवी, रिंकी देवी, सरस्वती देवी सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

# जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने विभिन्न मांगो को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन ने बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में आधारभूत संरचना, सुंदरीकरण एवं जीर्णोधार कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंशा की गई योजनाओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जो इस प्रकार है। 01. उत्क्रमित + 2 उच्च विद्यालय विजैया में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 2. उत्क्रमित + 2 उच्च विद्यालय करियातपुर में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 3. राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलादोहर में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 4. कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय का चारदीवारी एवं पहुंच पथ का निर्माण 5. उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओरपारता में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 6. उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुड़ियो में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 7. उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरीला में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य 8. उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में चारदीवारी एवं जीर्णोधार का कार्य को लेकर प्राथमिकता के आधार पर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से स्वीकृति प्रदान करने की मांग किया गया है।

# अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में पेनाल्टी से खरकी की टीम बनी विजेता

## प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता में विष्णुगढ़ तथा टाटीझरिया की 24 टीमें ले रही भाग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को सांसद जयंत सिन्हा द्वारा प्रायोजित अमृत टॉफी फुटब०ल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मांडू विस सांसद प्रतिनिधि बिपिन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, नारायण महतो, टाटीझरिया सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश पाठक, शंभुनाथ पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट में विष्णुगढ़ की 21 तथा टाटीझरिया प्रखंड की तीन टीमें मिलाकर कुल 24 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच टाटीझरिया बनाम खरकी टीम के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट के तहत खरकी की टीम दो गोल से विजेता बनी। दूसरे सत्र का मैच धरमपुर बनाम करगालो की टीम के बीच खेला गया। जिसमें धरमपुर की टीम एक गोल से विजयी रही। दो टीमों से विजेता टीम खरकी बनाम धरमपुर का मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमें खेल की समाप्ति तक एक भी गोल नहीं कर सकी। अंत में निर्णायक मंडली द्वारा पेनाल्टी शूटआउट से मैच परिणाम तय करने का फैसला लिया गया। जिसमें दोनों टीमों को पांच-पांच गोल करने का मौका मिला। इसमें भी दोनों टीमें बराबरी पर रही। रिवाइज पेनाल्टी में खरकी की टीम एक गोल से विजेता बनी। शनिवार को सिरैय बनाम भेलवारा, नवादा बनाम अलपीटो, विष्णुगढ़ बनाम गोविन्दपुर तथा सारुकुदर बनाम बकसपुरा की टीमों के बीच भिड़ंत होगी। फाइनल की विजेता टीम को जिलास्तरीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा। मौके पर रामजतन स्वर्णकार, गौरव सिन्हा, गंगाधर महतो समेत कई खेलप्रेमी मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप बीडियो को दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कुशवाहा मोहल्ला में नए नाली निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जुगेश्वर प्रसाद दांगी ने लगाया है ।जुगेश्वर प्रसाद दांगी बताया कि नाली निर्माण कार्य में कई प्रकार के अनियमितता देखी जा रही है। पुरानी नाली को नया नाली बनाया जा रहा है। जिसकी लागत राशि लगभग 4 लाख 97200 है। करवाई के लिए बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे को आवेदन दिया हूं । वही मामले को लेकर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ने कहा की 4 लाख 97200 लागत राशि से नाली का निर्माण होना था, परंतु नाली की साफ-सफाई करने के बाद पता चला कि नाली में कम राशि से मरम्मत करा देने के बाद काम निकल सकता है। जिसे लेकर इंजीनियर से सिर्फ मरम्मत के लिए नए सिरे से एस्टीमेट बनाने को कहा गया है। नाली निर्माण कार्य फिलहाल बंद करा दिया गया है।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में खेलो झारखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में खेल मैदान में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेपाकला पंचायत से पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को मेडल , ट्र०फी ,किताब ,क०पी और कलम देकर प्रोत्साहित किया गया । कृष्णा राम ने कहा कि खेल से मस्तिष्क और बुद्धि को ऊर्जा मिलता है , हमारे पंचायत के कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें बेहतर प्रशिक्षण मिलने के बाद वह आगे चलकर गांव का नाम रोशन कर सकते हैं । प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने कहा मैं और हमारे सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं पढ़ाई और क्विज खेल के माध्यम से छात्रों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं ।खेल में दौड़, ब०लीब०ल, बोरा दौड़, 100 , 200, 400,मीटर दौड़, कबड्डी, क्विज प्रतियो. गिता इत्यादि का खेल समांप्पन किया गया । मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ,केके सिंहा, विनोद कुमार दास, त्रिलोकी कुमार, संजय कुमार पंडित, सुजीत कुमार दांगी, कुणाल मिश्रा ,अनीता तिर्की ,सीमा कुमारी, रूबी कुमारी, देवकांत शर्मा, रंजीत कुमार तुरी , वार्ड सदस्य एवं विजेता में सनी कुमार, आशीष कुमार ,अजय कुमार, रोहित कुमार ,रवि कुमार, सूरज कुमार ,खुश लाल कुमार, सुमन कुमारी ,अंजली कुमारी ,चिंता कुमारी, सुलेखा कुमारी, राखी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, नीलम कुमारी ,काजल कुमारी, अन्य शामिल थे ।

## विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को यथाशीघ्र लागू कराने को लेकर की मुलाकात

### कैबिनेट से बहुत जल्द पास होगा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने का प्रस्ताव, मिलेगा चार गुना मुआवजा : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने की मांग पर विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में यह घोषणा की थी कि अब से अधिग्रहण की जाने वाली भूमि ब्ठ ।बज से नहीं बल्कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत अधिग्रहित की जाएगी और उसका लाभ रैयतो को प्राप्त होगा। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने के प्रस्ताव को यथाशीघ्र कैबिनेट से पास कराने की मांग को लेकर दिन शुक्रवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात की। पूरे विधानसभा क्षेत्र में खनन कार्य कर रही कंपनियों के द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर बगैर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का लाभ प्रदान किए खनन कार्य किए जाने पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अंबा प्रसाद ने इसे यथाशीघ्र कै. बिनेट से प्रस्ताव पास कराने की मांग की। इस पर माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि यथाशीघ्र इसे कैबिनेट से पास कराया जाएगा जिसके तहत अब तक मिलने वाले मुआवजा राशि के विपरीत रैयतों जिन्होंने कंपनियों के द्वारा अभी तक जमीन के एवज में मुआवजा नहीं लिया है को लगभग 4 गुना अधिक मुआवजा प्राप्त होगा। उक्त आशय की जानकारी विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## रेजांगला युद्ध में शहीद हुए यादव समाज के वीर सपूतों के साथ मां भारती के अन्य रणबांकुरों को कैंडल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि

### यादव समाज ने रैली निकाल कर अहीर रेजिमेंट गठन करने का किया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




रेंजला युद्ध में शादीद हुए अहीर वीरों को श्रद्धांजलि देने को लेकर बरही विधानसभ के समस्त यादव समाज द्वारा 18 नवंबर शुक्रवार को रेजांगला दिवस (यादव शौर्य दिवस) समारोह सह शौर्य यात्रा (रैली) का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली का प्रारंभ अनुमडलीय अस्पताल बरही से प्रारंभ होकर गया रोड, पटना रोड, हजारीबाग रोड होते हुए बरही चौक गोलंबर पर कैंडल जलाकर यादव समाज द्वारा जय यादव जय माधव का नारा लगाते हुए 1962 के रेजांगला युद्ध में शहीद हुए यादव समाज के वीर सपूतों के साथ मां भारत भारती के अन्य रणबांकुरों को 551 दीपदान कर श्रद्धांजलि दी गई। इस बाबत समाज के लोगो ने कहा 1962 भारत और चीन के बीच हुए रेजांगला युद्ध में भारतीय अहीर रेजीमेंट के 121वीर सपूतों ने 5000 हजार चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया। वीर सपूतों ने चीन के 2600 सैनिक को मार गिराया। इन रणबांकुरों के साहस को देखते हुए बाकी चीनी सैनिक भाग खड़े हुए। हालांकि इस युद्ध में अहीर रेजीमेंट के 114 वीर सपूतों को शहीद होना पड़ा। कहा कि यादव समाज मां भारती के आन बान एवं शान के लिए सदैव अपना बलिदान देते आए है बावजूद इसके दुर्भाग्य वश अब तक भारत सरकार द्वारा हमारे रिजिमेंट को मान्यता नही दिया हम सभी लोगो को अपना हक अहीर रेजिमेंट लेने के लिए अभी और एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है, हम वह कॉम है जो किसी आरक्षण का मांग नही करते हम मां भारती के लिए अपनी जान का बलिदान देने के लिए अपने हक अहीर रे. जिमेंट का मांग कर रहे है, भारत सरकार को हमारा हक अहीर रेजिमेंट का गठन कर सभी अहीर सै. निकों को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहिए। मौके पर

कार्यक्रम में भुनेश्वर यादव मनोहर यादव, कृष्णा यादव, मुख्य संघ के अध्यक्ष विजय यादव, विनोद यादव, विजय यादव, वासुदे यादव, छद्दू गोप, वीरेंद्र यादव, मुन्ना यादव, गणेश यादव, रोहित यादव, अनिल यादव, पप्पू यादव, सचिन यादव, विक्की यादव, विशाल यादव, रोहित यादव, आनंद यादव, त्रिभुवन यादव, संकर यादव, नितेश यादव, सुनील यादव, मंटू यादव, अनुज यादव, मिथिलेश यादव, शुभम यादव, अतुल यादव, सागर यादव, सुनील यादव, भोला यादव, विकास यादव, अरुण यादव, राजेश यादव, कपिल यादव, नरेश यादव, विजय यादव, अभिषेक यादव, संदीप यादव, पप्पू यादव, संतोष यादव, लोकनाथ यादव, पंकज यादव, नितेश यादव




## बिजली चोरी के आरोप में 14 लोगों पर केस दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विद्युत विभाग के हजारीबाग महाप्रबंधक के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 14 लोग बिजली का अवैध उपभोग करते हुए पकड़े गए। आरोपियों के विरुद्ध कनीय अभियंता कुनूराम मुर्मू के आवेदन पर विष्णुगढ़ थाना में प्राथ. मिकी दर्ज की गई है। आरोपियों में ज्ञानगढ़ा के घनश्याम ठाकुर, छेदी ठाकुर, रेवत लाल, उमेश दास, बुलाकी सिंह, रघुनंदन दास, अचलजामो के जोधन नायक, जितेन्द्र कुमार महतो, श्यामसुंदर दास शर्मा, सुरेन्द्र गोस्वामी, अचलजामो करमाटांड के चेतलाल ठाकुर, गाजो यादव, गोवर्धन यादव तथा भुनेश्वर यादव शामिल हैं। सभी आरोपियों पर विभाग द्वारा जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी टीम में सहायक विद्युत अभियंता राजेश निरंजन, जेई सत्यदेव कुमार, मो अब्बास, राकेश कुमार समेत अन्य विद्युतकर्मी शामिल थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार